दिनांक: 17.05.2026 समय– 07.10PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वीडन पहुंचे, वें व्यापार, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, उभरती प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों पर चर्चा करेंगे
- यांत्रिक मेधा और डीप टेक्नोलॉजी ही भविष्य की अर्थव्यवस्था के मुख्य आधार होंगे कहा गृह मंत्री अमित शाह ने
- रतलाम में हुए राजधानी एक्सप्रेस हादसे में रेल मंत्रालय ने उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए
- प्रदेश में भीषण गर्मी का कहर जारी, कई जिलों में पारा 44 के पार

**पीएम-स्वीडन**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी पांच देशों की यात्रा के तीसरे चरण में स्वीडन के गोथेनबर्ग पहुंचे गए हैं। इससे पहले उन्होंने नीदरलैंड्स की दो दिवसीय यात्रा पूरी की। स्वीडन की दो दिवसीय यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी आज अपने स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टरसन के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। दोनों नेता आपसी संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा करेंगे। साथ ही व्यापार, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, उभरती प्रौद्योगिकी, स्टार्टअप, जलवायु संरक्षण के प्रयास और आपसी संपर्क जैसे क्षेत्रों में सहयोग के नए अवसरों पर भी चर्चा होगी। दोनों प्रधानमंत्री यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला फॉन डेर लेयेन के साथ यूरोपियन राउंड टेबल फॉर इंडस्ट्री को भी संयुक्त रूप से संबोधित करेंगे।

**अमित शाह- गुजरात**

गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह आज गुजरात के अहमदाबाद में, मिलियन माइंड्स टेक पार्क के पहले चरण और ग्रेमी सिटी कैंपस का उदघाटन किया। उन्होंने कहा कि भारत विश्व के हर उभरते क्षेत्र में अग्रणी बन गया है। यांत्रिक मेधा और डीप टेक्नोलॉजी ही भविष्य की अर्थव्यवस्था के मुख्य आधार होंगे।

**भोजशाला**

प्रदेश के धार जिले की ऐतिहासिक भोजशाला में आज सुबह नई व्यवस्था के तहत भोजशाला परिसर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना शुरू की गई। इस ऐतिहासिक पल के गवाह बनने के लिए सूर्योदय के साथ ही बड़ी संख्या में हिंदू श्रद्धालु और भोज उत्सव समिति के कार्यकर्ता हाथों में मां वाग्देवी के चित्र लेकर भोजशाला पहुंचे।

**विश्वं दूरसंचार दिवस**

आज विश्वं दूरसंचार और सूचना समाज दिवस है। इस दिवस का उद्देश्य् इंटरनेट और इससे जुडी तकनीकों के सकारात्मटक उपयोग को बढावा देना है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने संदेश में प्रदेशवासियों को विश्व दूरसंचार दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा- संचार क्रांति ने विभिन्न माध्यमों से दूरियां समेटकर विश्व को परिवार जैसा बना दिया है, जीवन सहज हुआ है।

**विश्व उच्च रक्तचाप दिवस**

आज विश्व उच्च रक्तचाप दिवस हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि तनाव-अनियमितता और असंतुलित भोजन, उच्च रक्तचाप और बीमारियों के प्रमुख कारण हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर उत्तम स्वास्थ्य के लिए स्वयं पहल करने और दूसरों को भी प्रेरित करने का प्रदेशवासियों से आव्हान किया है।

**मन की बात- सुझाव**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 31 तारीख को आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में एक बार फिर अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 134वीं कड़ी होगी। श्रोता टोल-फ्री नंबर 1800-11-7800 पर कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव भेज सकते हैं। ये सुझाव नरेन्द्र मोदी ऐप या मायगॉव ओपन फोरम के माध्यम से भी दिए जा सकते हैं। आप 1922 पर मिस्ड कॉल देकर

और एस.एम.एस. से प्राप्त लिंक से भी सीधे प्रधानमंत्री को सुझाव भेज सकते हैं। सुझाव 29 तारीख तक स्वीकार किए जाएंगे।

**ट्रेन हादसा-रतलाम**

रतलाम में आज सुबह तिरुवनंतपुरम से हजरत निजामुद्दीन जा रही राजधानी एक्सप्रेस 12431 में कोटा मंडल के लूनी रिच्छा और विक्रमगढ़ आलोट स्टेशन के बीच तड़के आग लग गई। इस घटना में किसी भी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है। इस घटना के चलते कुछ ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हुआ है। रेल मंत्रालय ने उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। मंत्रालय ने बताया कि डिब्बे की सुरक्षा प्रणाली के कारण ट्रेन स्वतः रुक गई। दोनों डिब्बों को तुरंत अलग किया गया और घटना में कोई भी यात्री घायल नहीं हुआ। रेलवे ने डिब्बों में अग्निशमन प्रणालियों की जांच का काम शुरू किया है।

**शिवराज सिंह चौहान- साँची**

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रायसेन जिले के साँची में एक निजी रिसोर्ट में भारतीय जनता पार्टी के 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026' में शामिल हुए। उन्होंने यहाँ लगाई गई विकास व वैचारिक प्रदर्शनी का गहन अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होने कहा

**मौसम**

प्रदेश में भीषण गर्मी ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। इंदौर और उज्जैन संभाग सबसे ज्यादा गर्मी की चपेट में हैं। **सीहोर** में आज अधिकतम तापमान 46.3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। **गुना** जिले में अधिकतम तापमान 43.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिससे आमजन को तेज गर्मी और लू का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार इंदौर, उज्जैन, सागर, रीवा, छतरपुर समेत प्रदेश के दर्जन

भर से ज्यादा जिलों में लू का असर बना रहेगा। मौसम वैज्ञानिकों ने लोगों को दोपहर के समय जरूरी काम होने पर ही घर से निकलने की सलाह दी है। मौसम विभाग के मुताबिक 19 मई तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में भीषण गर्मी का दौर जारी रहेगा।

**सीबीएसई - ऑन-स्क्रीन मार्किंग**

केन्द्र सरकार ने कहा है कि सीबीएसई की 12वीं की परीक्षा में ऑन-स्क्रीन मार्किंग प्रणाली से मूल्यांकन में पारदर्शिता और निष्पक्षता बढ़ी है। 12वीं के परिणामों पर आज नई दिल्ली में स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग के सचिव संजय कुमार ने बताया कि विद्यार्थियों ने मार्किंग और उत्तीर्णता प्रतिशत में मामूली गिरावट पर चिंता जताई है। सचिव ने कहा कि सीबीएसई ने पुनर्मूल्यांकन शुल्क कम कर दिया है।

**आवास जनगणना**

जनगणना का कार्य मध्यप्रदेश सहित आन्ध्रचप्रदेश, अरूणाचल प्रदेश, बिहार, चंडीगढ, छत्तीरसगढ दादरा और नगर हवेली तथा दमण और दीव, हरियाणा, पंजाब, तेलंगाना और उत्ततराखंड में भी चल रहा है। सूची तैयार करने के लिए घर के सामानों, उपलब्धर सुविधाओं और परिसंपत्तियों का विवरण जुटाया जा रहा है।

**माउंट एवरेस्ट- रिकॉर्ड**

नेपाल के पर्वतारोही कामी रीता शेरपा ने 32वीं बार माउंट एवरेस्ट पर चढ़कर इतिहास रच दिया है। 56 वर्षीय कामी रीता एवरेस्ट पर सबसे अधिक बार चढ़ाई करने वाले शेरपा हैं। नेपाल के कोशी प्रांत के सोलुखुम्बु जिले में जन्मे कामी रीता ने पहली बार 1994 में एवरेस्ट पर चढ़ाई की थी।

<u>समाचार संक्षेप में :–</u>

- दिल्ली में 12 से 15 अगस्त तक भारतीय व्यापार महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल कल भारतीय व्यापार महोत्सव की वेबसाइट का शुभारंभ करेंगे।

- नर्मदापुरम जिले की सिवनी मालवा तहसील में कृषि वर्ष 2026 के तहत किसानों को जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता रथ रवाना किया गया।
- राजगढ़ के शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में तकनीकी शिक्षा विभाग म.प्र. भोपाल द्वारा संचालित इंजीनियरिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रम की परीक्षा 10वी के आधार पर प्रवेश के लिए प्रथम चरण की ऑनलाइन कॉउन्सिलिंग प्रक्रिया हेतु पंजीयन प्रारंभ हो गए हैं।
- खंडवा में जनजातीय वर्ग के लिए संचालित शासकीय योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से "जन भागीदारी सबसे दूर-सबसे पहले" अभियान कल से शुरू होगा।
- सीहोर शहर की जीवनदायिनी सीवन नदी को मूल स्वरूप में लाने के लिए नागरिकों ने नदी बचाओ अभियान शुरू किया है।
- जल गंगा संवर्धन अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत आज बैतूल बाजार की जीवनदायिनी सापना नदी के भवानी घाट पर श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया।